अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 03.10.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा अन्तःमहाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में नारा लेखन (स्लोगन), पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद, पलवल, तिगांव आदि विभिन्न महाविद्यालयों की एन.एस.एस. सेवा योजना की 11 इकाइयों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पं. जे.एल.एन. राजकीय महाविद्यालय की हेमलता शर्मा ने, द्वितीय स्थान प्रांशी, अग्रवाल महाविद्यालय ने एवं तृतीय स्थान नेहा यादव डी.ए.वी. महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या अग्रवाल महाविद्यालय ने, द्वितीय स्थान दीपशिखा के.एल.एम. दयानन्द महाविद्यालय ने व तृतीय स्थान महाविद्यालय पर के.एल.एम. दयानन्द महाविद्यालय की कीर्ति भारद्वाज ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान पर क्रमशः प्रीति व हरीश कृष्ण पं. जे.एल.एन. राजकीय महाविद्यालय ने व तृतीय स्थान प्रीतम अग्रवाल महाविद्यालय ने प्राप्त किया।

चलविजय ट्रॉफी पं. जे.एल.एन. राजकीय महाविद्यालय ने प्राप्त की। मुख्य अतिथि महोदय ने बताया असहिष्णुता रोकने में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों का रचनात्मक योगदान होता है क्योंकि लोगों के ऊपर उनका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अंत में उन्होंने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की हौसला अफज़ाई करते हुए कहा की जीतना उतना ज़रुरी नहीं जितना की जीतने के लिए इच्छा शक्ति का होना ज़रुरी है। हमें अपने मूल्यों को बनाए रखना चाहिए और उसे समाज में आंदोलन के रुप में फैलाना चाहिए। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात एन.एस.एस.

स्वयंसेवकों के द्वारा लोगों को जागरुक करने के लिए मतदाता रैली पंचायत भवन, अम्बेड़कर चौक व मेन बाज़ार बल्लबगढ़ होते हुए निकाली गई, जिसे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह रैली । कार्यक्रम का संचालन तीनों सेवा योजनाओं के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया ।